पुस्तकालय

3010
22/7/09

सत्यमेव जयते

असंशोधित

8 JUL 2009

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 2—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर रहित)

प्रति[illegible] [illegible]खा
गै०स०प्रें०सं० 555 तिथि 21-7-09

टर्न-१२/८.७.२००६/बिपिन

अध्यक्ष : अब शून्य-काल लिए जाएंगे ।

शून्य-काल

श्रीमती पूनम देवी यादव: माननीय अध्यक्ष महोदय, खगड़िया जिला निर्धन छात्र-छात्राओं के लिए कम्प्यूटर शिक्षा हेतु १२वीं वित्त आयोग की अनुशंसा पर ४४लाख ४५हजार की राशि की लागत जननायक कर्पूरी ठाकुर उच्च विद्यालय में बने जिला कम्प्यूटर केन्द में विद्युतापूर्त्ति नहीं होने से लाखों का कम्प्यूटर बेकार पड़ा हुआ है ।

सरकार अविलम्ब कम्प्यूटर शिक्षा बहाल की जाए ।

श्रीमती नगीना देवी: माननीय अध्यक्ष महोदय, सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा, पीपरा, मझौरा-बुलाकीपुर-सोनारबाजार पथ कुल लम्बाई ०५किलोमीटर ग्रामीण कार्य विभाग की २५साल पुराना ईंट सोलिंग सड़क है जो काफी जर्जर है ।

अतः उक्त सड़क को जनहित में पक्कीकरण करने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार को सूचना देती हूं ।

श्री एन०के०नन्दा: अध्यक्ष महोदय, पटना जिला के पालीगंज प्रखंड अन्तर्गत पीपरदाहा, कुरकुरी, बीबीपुर, चकिया, भेड़हरियाइंगलिश, महाबलीपुर, अंकुरी, उदयपुर, करकटबीगहा, मसौढ़ा, जलपुरा आदि गांवों में पिछले छःमाह से खम्भा और तार के अभाव में विद्युत आपूर्त्ति बाधित है ।

उपरोक्त गांवों में यथाशीघ्र विद्युत आपूर्त्ति की व्यवस्था किया जाए ।

श्री अमरनाथ यादव: अध्यक्ष महोदय, सीवान जिला में सुखाड़ की स्थिति है। सिंचाई हेतु बिजली उपलब्ध नहीं है । डीजल के सभी नलकूप बंद हैं । इन नलकूपों की शीघ्र मरम्मत कराकर चालू करवाया जाए ।

श्री अरूण सिंह: अध्यक्ष महोदय, बिहार में सूखे की स्थिति देखते हुए राज्य सरकार ने पंपिंग-सेटधारी और केडिटकार्डधारी किसानों को डीजल खरीद पर १५रूपए प्रति लीटर की सबसिडी देने की घोषणा की है जिससे अधिकांश छोटे किसान इस लाभ से बंचित रह जाऐंगे ।

अतः सभी किसानों को यह सबसिडी देने की मांग करता हूं ।

श्रीमती भागीरथी देवी: अध्यक्ष महोदय, दिनांक २८.६.२००९ को एम्बुलेंस द्वारा गौनाहा से बेतिया इलाज हेतु जाने के कम में कुमारबाग (बेतिया) के पास दुर्घटना में मारे गये गौनाहा के ०४ व्यक्तियों जिनमें ०२महिला भी शामिल है, को सरकार की तरफ से मुआवजा दिलवाने की कृपा करना चाहेंगे ।

श्री लालबाबू राय: अध्यक्ष महोदय, सारण जिलान्तर्गत नरहरपुर पंचायत में बाजार से पूरब सुल्तानपुर वितरणी नहर स्थित पुल पिछले एक वर्ष से ध्वस्त है । आवागमन ठप्प है । मुख्यमंत्री सेतु योजना अन्तर्गत जिला सूची में दिया गया लेकिन आज तक इसका निर्माण नहीं हुआ । जनता आकोशित है।

अतः अविलम्ब निर्माण का मांग करता हूं ।

टर्न-१२/८.७.२००६/बिपिन..

डा० अच्युतानन्द अध्यक्ष महोदय, वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखंड में २००७ में आई बाढ़ के बाद फसल क्षति-पूर्त्ति के लिए १.५करोड़ की राशि विमुक्त की गई जिसे प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा पंचायत सेवकों द्वारा विचौलियों की मदद से बंदरबांट कर दिया गया । मैं सरकार से इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग करता हूं ।

श्रीमती रेणु देवी : अध्यक्ष महोदय, औरंगाबाद जिलान्तर्गत् एन०एच०-९८ औरंगाबाद-हरिहरगंज पथ के चतरा मोड़ से भाया सुन्दरगंज, झाली नवीनगर, टण्डवा, गजनाधाम तक पथ को पथ निर्माण विभाग के द्वारां अधिग्रहण कर पथ का चौड़ीकरण करावें ।

टर्न-१३/मधुप/८.७.२००९

श्री शिवजी राय : अध्यक्ष महोदय, पकड़ीदयाल एवं तेतरिया प्रखंड में प्रधानमंत्री सड़क योजना से बने अजगरवा-सिसहनी पथ, परसौनी-हरनाथपुर पथ, धनौजी मुसहरी टोली से अजगरी पथ, खैरवा पदमौल पथ को बने मात्र छः महीना भी नहीं हुआ और कई जगह पर टूट गया। आपसे माँग करता हूँ कि इसकी जाँच कराते हुये दोषी पर कार्रवाई करें ।

श्री शिवचन्द राम : अध्यक्ष महोदय, वैशाली जिला के महुआ-प्रेमराज आर०ई०ओ० सड़क में एक वर्ष से दो पुलों का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसका २० प्रतिशत कार्य भी नहीं हुआ है, आवागमन बन्द है । यात्री को ५ कि०मी० घूमकर आना-जाना पड़ता है । जनहित में शीघ्र कार्य करायी जाय ।

अध्यक्ष : आप माननीय मंत्री जी को कागज दे दें ।

श्री शिवचन्द राम : जी सर, मैं दे देता हूँ ।

अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी इसको देख लेंगे ।

श्री रामायण माँझी : अध्यक्ष महोदय, सीवान जिला का नौतन थाना, उग्रवादी क्षेत्र का अपना भवन नहीं है तथा सीवान जिला के मैरवा थाना अंग्रेजों के द्वारा बनाया हुआ जर्जर खपड़ापोश में चल रहा है एवं सीवान जिला के पचरूखी थाना भी जर्जर छावनी खपड़ापोश में चल रहा है । अंचलाधिकारी के द्वारा पचरूखी थाना हेतु दो बार विवरण जमीन का विवरण भेजा गया है ।

मैं सरकार से माँग करता हूँ कि सीवान जिले के इन तीनों - नौतन, मैरवा और पचरूखी थाना का भवन निर्माण कराया जाय ।

श्री महेश्वर प्रसाद यादव : माननीय अध्यक्ष महोदय, ग्रामीण कार्य विभाग का सचिवालय स्थित अभियंता प्रमुख का कार्यालय ग्रामीण सड़कों के प्रोजेक्ट की स्वीकृति में और टेन्डर के निष्पादन में अत्यधिक विलम्ब करता है । ग्रामीण सड़कों का निर्माण तेज करने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।

श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह : अध्यक्ष महोदय, ५ जुलाई, २००९ को बेगूसराय जिले के न्यायिक अधिकारी एस०एन० राम के आवास पर जानलेवा हमला सहित बीते दिनों हत्या एवं लूट से लोगों की जानमाल की सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था पर खतरा उपस्थित हो गया है ।

अतएव विधि व्यवस्था एवं लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की माँग करता हूँ ।

श्री महेन्द्र नारायण यादव : अध्यक्ष महोदय, हम एक गम्भीर समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहते हैं, अखबार में भी निकला है, हालाँकि हम नियम के कायल हैं, हमको लिखकर देना चाहिये था, कल उठाते लेकिन गम्भीरता इसकी यह है कि "महानन्दा में उफान - चार दर्जन घर गर्भ में समाया" और औलिया पंचायत है कटिहार के आजमगढ़ का, चार दर्जन घर उस टोले का....

अध्यक्ष : महेन्द्र बाबू, माननीय सदस्य जी, इसके पहले मंत्री जी थे और वे इस संदर्भ में काफी सचेष्ट हैं ।

श्री महेन्द्र नारायण यादव : सचेष्ट हैं तो ठीक है लेकिन नोटिस लेना चाहिये ।

श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी : महोदय, यह बड़ा गम्भीर मामला है, आसन का निदेश हो जाय सरकार को ।

अध्यक्ष : सचेष्ट है, सरकार देख लेगी ।

अब शून्यकाल समाप्त हुआ । अब ध्यानाकर्षण लिये जायेंगे ।

## ध्यानाकर्षण सूचनाएँ एवं उसपर सरकारी वक्तव्य ।

सर्वश्री अवधेश कुमार सिंह, अजय पासवान एवं रामदेव राय, स०वि०स० की ध्यानाकर्षण सूचना पर सरकार [ग्रामीण कार्य विभाग] की ओर से वक्तव्य ।

अध्यक्ष : सूचना पढ़ी हुई है । माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग ।

श्री वृषिण पटेल, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, यह बात सही है कि सरकार की विकास योजनाओं में ग्रामीण कार्य विभाग की एक महत्वपूर्ण भूमिका है । गया जिले के अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा संचालित अनेक योजनाओं में मिल रही शिकायतों के आलोक में योजनाओं की जाँच मुख्य अभियंता-१ के द्वारा की गई । मुख्य अभियंता-१ के जाँच के आधार पर मुख्य अभियंता-३ के अधीन गठित समिति द्वारा इसकी जाँच की गई । जाँच में पाई गई त्रुटियों के निराकरण एवं किस प्रकार इन त्रुटियों को दूर करते हुए कार्य पूर्ण कराया जाय, इस हेतु मुख्य अभियंता-१, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को निदेश दिया गया है कि वे एक सप्ताह के अन्दर स्पष्ट अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन समर्पित करें ।

सरकार ध्यानाकर्षित पथों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराने के लिए कटिबद्ध है ।